Activities done during the reporting period:

1. **स्वंय सहायता समूह काषी बाबा के साथ बैठक–**

समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर उन्हे गुग्गल नर्सरी बनाने के लिए प्रेरित किया तथा गुग्गल गोंद मुल्य हेतु वन विभाग एस.डी.ओ. उप वन मण्डलाधिकारी श्री आर एस नरवरिया वन विभाग मुरैना द्वारा महिलाओं को 900 रूपये किलो गोंद क्रय करने के लिए लघुवनोपज संघ मुरैना द्वारा खरीदने की बात कहकर सुनिष्चित किया गया। तथा उन्हे वित्तीय प्रंबधन कैसे करें व दस्तावेजीकरण कैसे करें समझाया गया। यह कार्य समूहों के साथ नवम्बर माह 2013 में किया गया।



**2- लघुवन उपज गुग्गल गोंद, चमेनी, सतावर, करील टैंटी के हितग्राही किसानों के साथ चर्चा–**

लघुवन उपज के अध्ययन से निकलकर आये हितग्राहियों को लघुवन उपज गुग्गल गोंद, चमेनी, सतावर, करील टैंटी के हितग्राही किसानों के साथ चर्चा कर उन्हे विनाषहीन विदोहन की प्रक्रिया समझाई तथा इनके संबर्धन हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। यह कार्य दिसम्बर 2013 में किया गया।





**गुग्गल कार्ड एवं कलैंण्डर 2014 का निर्माण–** गुग्गल प्रजाति के पौधों के संरक्षण, संबर्धन, विनाषहीन विदोहन तथा विपणन हेतु स्थानीय संग्राहको को जागरूक करना एवं ग्रामीणों, जैवविविधता बोर्ड भोपाल तथा उपायोगकर्ता, संस्थाओं के मध्य सेतु के रूप में कार्य कर

संवाहनीय उत्पादन प्राप्त कर ग्रामीण आजीविका में बृद्धि करने हेतु गुग्गल कार्ड एवं कलैंण्डर 2014 का निर्माण यह कार्य जनवरी माह 2014 में किया गया।










3. <u>कार्यषाला बैठक ग्राम पिपरई पुरा रिपोर्ट दिनांक 5/2/2014</u>

<u>आयोजन– सुजाग्रति समाज सेवी संस्था म0प्र0</u>

<u>उद्वेष्य–</u>

मुरैना जिले की बीहड क्षेत्रों मे उपलब्ध गुग्गल प्रजाति के पौधों के संरक्षण, संबर्धन, विनाषहीन विदोहन तथा विपणन हेतु स्थानीय संग्राहको को जागरूक करना एवं ग्रामीणों, जैवविविधता बोर्ड भोपाल तथा उपायोगकर्ता, संस्थाओं के मध्य सेतु के रूप में कार्य कर संवाहनीय उत्पादन प्राप्त कर ग्रामीण आजीविका में बृद्धि करना।

<u>इस परियोजना में 2 गॉवों में उपर्यक्त उददेष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है–</u>

1 पिपरई, 2 पिपरईपुरा,

इसी क्रम में आज दिनांक को पिपरई पुरा में कार्यषाला का आयोजन किया गया जिसमें गॉव की सामान्य जानकारी निम्नानुसार है–

<u>हमारे गॉव में रहने वाली जातियाँ –</u>

| क्र. | जाति | घरो की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जाटव (पिप्पल) | 197 घर |
| 2. | गुर्जर | 10 घर |

3. ब्राम्हण 2 घर
4. कोरी 4 घर
5. मुसलमान 15 घर
6. प्रजापति 20 घर
7. कडेरे 8 घर
8. धोबी 3 घर
9. नाई 10 घर

कुल परिवार – 265
कुल जनसंख्या – 1630
कुल पुरूष– 880
कुल महिला– 740
कुल हैण्डपम्प – 20
कुल कुऐ – 3

नल जल योजना है परन्तु खराब है।

इस गॉव में प्राथमिक विद्यालय, ऑगनवाडी, पुलिस थाना, बैंक, है पूरे गॉव में शेशषी खरंजा बना हुआ है । रिहायसी इलाका समतल व घना बसा हुआ है।

उददेष्य को लेकर संस्था अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन द्वारा बताया गया कि गूग्गल के संरक्षण एवं सबंर्धन हेतु यहॉ पर वातावरण निर्माण एवं गुग्गल प्लानटेषन किया जाना है यह परियोजना जन सहभागिता से ही चलाई जायेगी। इसलिये गुग्गल की सुरक्षा एवं सबंर्धन आप लोगों के सहयोग से, संयुक्त वन प्रबंधन समिति, बी एम सी के सहयोग से संरक्षण एवं संबर्धन कार्य किया जायेगा। इसके तहत निम्न गतिविधियॉ किया जाना प्रस्तावित है–

बैठक में छः ग्राम वासियों द्वारा गुग्गल से चीरा लगाने की मषीन की मॉग की गई तथा 5 मषीन पूर्व में हितग्राही किसानों को दी जा चुकी है। इसलिये यहॉ 11 हितग्राही है जो निम्नानुसार है–


| क्र0 | नाम | गांव का नाम | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | सुनील पिप्पल | पिपरई पुरा | मुरैना |
| 2 | नेतराम | –//– | –//– |
| 3 | नरोत्तम | –//– | –//– |
| 4 | रामानारायण | –//– | –//– |
| 5 | रामखिलाडी | –//– | –//– |
| 6 | रामनिवास | –//– | –//– |
| 7 | रामेष्वर | –//– | –//– |
| 8 | भरोसी | –//– | –//– |
| 9 | भूरे | –//– | –//– |
| 10 | राकेश | –//– | –//– |
| 11 | राजू | –//– | –//– |


तथा ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि अभी तक हम गुग्गल का गोंद मुरैना में गयाप्रसाद वैद्य व मास्टर को व धौलपुर में 3 दुकान है उन को 500–600 रू किलो दिया करते है।

इस बैठक में उप वन मण्डलाधिकारी श्री आर एस नरवरिया वन विभाग मुरैना द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समिति के क्या कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व है उन्हें बताया गया साथ ही साथ पेडों का क्या महत्व है तथा इन पेडों को धार्मिक परम्पराओं के अनुसार महत्व को समझाया। उनके द्वारा बताया गया कि सरकार  वन विभाग वन सुरक्षित रहेंगे तो उपयोग आप लोगों को ही करना है इसलिये सुरक्षा का दायित्व भी आप लोगों का है।

आर एस जल खरे रेंज ऑफीसर मुरैना द्वारा बताया गया कि भोजन बनाने के लिये लकडी की जगह उसके बैकल्पिक साधन गोवर गैस का उपयोग किया जाये साथ ही नाडेप टाका बनाया जाये जिससे कूडे करकट का निबटार हो सके ब कम्पोस्ट खाद भी तैयार होगा। इस अवसर पर लाखन सिंह षर्मा म0प्र वन विभाग मुरैना,  एस डी अरोरा डिप्टी रेंजर अम्बाह तथा षिव सागर सिंह गौतम एवं 90 नर नारियों ने भाग लिया।

## कार्यषाला में उपस्थित प्रतिभागी–





कार्यषाला में उपस्थित प्रतिभागीयों के फोटो –









अध्यक्ष
सुजाग्रति समाज सेवी
संस्था मुरैना म0प्र0